JAMNALAL BAJAJ FOUNDATION

DR. JACOB PULICKAN

DOB: September 9, 1959

Recipient of the Award for Constructive Work - 2026



Working as the Director of the Gandhi Centre for Rural Development (GCRD) & Swadeshi Trust as well as heading the Swadeshi Movement & Gandhi Darshan programme at the school level, in Keralam, Dr. Jacob Pulickan's work represents Gandhi's ideal of Swadeshi and is focused on increasing rural productivity. He has remained unidirectional and devoted to Gandhian philosophy; and his work revolves around Rural development, Swadeshi, Youth of our nation and Appropriate technology.

The reading of Gandhi's Autobiography during his school days was his inspiration to undertake higher studies in Gandhian Philosophy. As the Founder Coordinator of the Centre for Gandhian Studies, at the Kerala University, Jacob Pulickan had several occasions to interact with the unemployed women and youths that resulted in the development of the Swadeshi Training programmes and the beginning of the Swadeshi homemade production units, as an income generating activity. He is also the Working Chairman of Kerala Gandhi Smarak Nidhi.

Over the decades, Jacob Pulickan has built two living Gandhian institutions - one rooted in Swadeshi and Make in India production and livelihood, and the other in values formation through education. The main activities include the training of villagers in local production and marketing through micro-enterprises and cottage industries. This programme resulted in a Swadeshi Movement in Kerala and provided income generating opportunities for the rural communities.

Three major areas of activity continue to define the initiative. First is Gramodyog training in more than 300 home-based products. The programme began with soap-making and diversified into home-grown items, food processing for pickle, jams, chips, medicinal products, cosmetics, herbal oils for skin care, essences and related cottage industries centred around home production. Along with training, the organisation continues to provide raw material supply, check quality, and guide in packaging and marketing through local Swadeshi networks. The focus is on training rural and local people, especially the women. In addition to training, it helps the people to foster a culture of valuing natural and locally made products.

The second area is the promotion of organic and natural farming, linked with local food processing activities. This has encouraged the sourcing of raw materials directly from farmers, thereby connecting agriculture with local household industries

Selection Committee 2026

Dr. Sudarshan Iyengar (Chairman)
Anami Roy (Co-Chairman)
Adv. Ashutosh Dharmadhikari
Bharat Mahodaya
Chetna Sinha
P. Sainath
Rajni Bakshi
Shama Pawar
Venkat Chary
Vibhay Sinha
Minal Bajaj (Trustee & Hon. Director)
Shubhangi Karkannavar (Secretary)



Trained around

- **7,50,000 People in Swadeshi homemade products making**
- **50,000+ Teachers in Gandhi Darshan**



Contributed through literature, media & online platforms

- **Published 7 books on Gandhian philosophy & 12 on Swadeshi home made products training**
- **TV presentations on**
  - **Gandhi`s life and philosophy through 316 Gandhi Darshan episodes**
  - **Gandhian Swadeshi work through 268 Swadeshi episodes**
- **200+ YouTube videos on Gandhi Darshan and Swadeshi work conceptualized, created and uploaded**

and strengthening local economic circulation. A social movement soon evolved in farming activities that further gave shape to naturopathy and related remedies.

The third activity is the Gandhi Darshan programme in schools which was started in 2000. It is a non-formal education programme for overall development and personality/character orientation of school students. Under Jacob Pulickan's leadership Gandhi Darshan has worked to involve schools and their Parent-Teacher Associations to have a long-running self-sustaining program of learning Gandhian values. For over two decades, around 50,000 teachers have voluntarily led Gandhi reading circles, examinations, quizzes, competitions, and value-based educational activities among students. Over the years thousands of students have benefitted. Both Swadeshi and Gandhi Darshan have operated from inception without accepting government grants or donations from external sources.

Thus, by decentralizing production, Jacob Pulickan has sought to translate Gandhi's idea of Gram Swaraj while also building the skill and capacity of rural people for self-reliance. GCRD at present is claimed to be the premier rural development agency in Keralam to regenerate and reinforce Mahatma Gandhi's Swadeshi concept among the people of Keralam.

Jacob Pulickan was the official representative of India at Johannesburg for the '100th Anniversary of Mahatma Gandhi's Return from South Africa'. He was also nominated for the National Committee by the Government of India to commemorate the 150th Birth Anniversary Celebrations of Mahatma Gandhi.

Jacob Pulickan's sole objective is to give concrete shape to Mahatma Gandhi's constructive programme. He continues to contribute and work with a commitment to self-reliance, decentralised production, and Gram Swaraj. The initiatives have touched upon the dimensions of involvement, partnership and participation of the community.

"Produce whatever products that can be produced at the individual, family and village level; which should also be consumed and distributed at the village level itself to make the society self-supporting and self-reliant, in every walk of life."
- Dr. Jacob Pulickan

Pioneered to develop well-structured initiatives in

- **Swadeshi home made products training & Swadeshi Festival**
- **Gandhi Darshan & Gandhi Festival for school children**



Jacob Pulickan was the Youth Coordinator in Gandhi Smriti and Darshan Samiti, New Delhi. He is also the

- **Founder Director, Kerala State Gandhi Darshan Samiti**
- **Director & Board Member, Kerala State Literacy Mission**
- **State Coordinator, Gandhi Darshan Activities**



Awards & Recognitions

Swavalamban Award

Ba-Bapu State Award

Ramachandran-Ikeda International Award

Best Social Activist Award

Dr. Jacob Pulickan
Founder & Director
Gandhi Centre for Rural Development, Swadeshi & Gandhi Darshan
Marappalam, Pattom, Trivandrum – 695004, Keralam
+919447154338
+919495954338
gcrdpulickan@gmail.com
gandhidarshanpulickan@gmail.com
www.swadeshikerala.in



डॉ. जेकब पुलिकन

जन्म: सितंबर 9, 1959

रचनात्मक कार्य के लिए पुरस्कार प्राप्तकर्ता - 2026



केरलम में गांधी सेंटर फॉर रूरल डेवलपमेंट (जीसीआरडी) और स्वदेशी ट्रस्ट के निदेशक के रूप में कार्य करते हुए, तथा स्कूल के स्तर पर स्वदेशी आंदोलन और गांधी दर्शन कार्यक्रम का नेतृत्व करनेवाले, डॉ. जेकब पुलिकन का कार्य गांधी के "स्वदेशी" के आदर्श को प्रस्तुत करता है और ग्रामीण उत्पादकता बढ़ाने पर केंद्रित है. वे गांधीवादी दर्शन के प्रति एकनिष्ठ और समर्पित रहे हैं; और उनका कार्य ग्रामीण विकास, स्वदेशी, देश के युवाओं और उपयुक्त टेक्नोलॉजी के इर्द-गिर्द घूमता है.

स्कूली दिनों में गांधी की आत्मकथा का अध्ययन करना उनके लिए गांधीवादी दर्शन में उच्च शिक्षा प्राप्त करने की प्रेरणा बनी. केरल विश्वविद्यालय में सेंटर फॉर गांधियन स्टडीज़ के संस्थापक समन्वयक के रूप में, जेकब पुलिकन को बेरोजगार महिलाओं और युवाओं के साथ बातचीत करने के कई अवसर मिले, जिसके परिणामस्वरूप स्वदेशी प्रशिक्षण कार्यक्रमों का विकास हुआ और आय निर्मित करने वाली गतिविधि के रूप में स्वदेशी घरेलू उत्पादन इकाइयों की शुरुआत हुई. वह केरल गांधी स्मारक निधि के कार्यकारी अध्यक्ष भी हैं.

दशकों से, जेकब पुलिकन ने दो जीवंत गांधीवादी संस्थानों का निर्माण किया है – पहला स्वदेशी और 'मेक इन इंडिया' उत्पादन और आजीविका पे केन्द्रित है, और दूसरा शिक्षा के माध्यम से मूल्य निर्माण पर केंद्रित है. इसकी मुख्य गतिविधियों में सूक्ष्म उद्यमों और कुटीर उद्योगों के माध्यम से स्थानीय उत्पादन और मार्केटिंग में ग्रामीणों को प्रशिक्षित करना शामिल है. इस कार्यक्रम के परिणामस्वरूप केरल में एक स्वदेशी आंदोलन शुरू हुआ और ग्रामीण समुदायों के लिए आय के अवसर पैदा हुए.

गतिविधियों के तीन प्रमुख क्षेत्र इस पहल को परिभाषित करते हैं. पहला है 300 से अधिक घरेलू उत्पादों में ग्रामोद्योग प्रशिक्षण देना. इस कार्यक्रम की शुरुआत साबुन बनाने से हुई और यह घरेलू वस्तुओं, आचार, जैम, चिप्स के लिए खाद्य प्रसंस्करण, औषधीय उत्पादों, सौंदर्य प्रसाधनों, त्वचा की देखभाल के लिए हर्बल तेल, एसेंस और घर पर उत्पादन के इर्द-गिर्द केंद्रित संबंधित कुटीर उद्योगों तक फैल गया. प्रशिक्षण के साथ-साथ, संगठन कच्चे माल की आपूर्ति प्रदान करता है, गुणवत्ता की जांच करता है और स्थानीय स्वदेशी नेटवर्क के माध्यम से पैकेजिंग और मार्केटिंग में मार्गदर्शन करता है. इसका पूरा ध्यान ग्रामीण और स्थानीय लोगों, विशेषकर महिलाओं को प्रशिक्षित करने पर है. प्रशिक्षण के अलावा, यह लोगों को प्राकृतिक और स्थानीय रूप से बनी वस्तुओं को महत्व देने की संस्कृति को बढ़ावा देने में मदद करता है.

दूसरा क्षेत्र है स्थानीय खाद्य प्रसंस्करण की गतिविधियों से जुड़े जैविक और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना. यह कच्चा

चयन समिति 2026

डॉ. सुदर्शन आयंगर (अध्यक्ष)
अनामी रॉय (सह-अध्यक्ष)
ॲड. आशुतोष धर्माधिकारी
भरत महोदय
चेतना सिन्हा
पी. साईनाथ
रजनी बख्शी
शमा पवार
वेंकट चारी
विभय सिन्हा
मीनल बजाज (न्यासी & मानद निदेशक)
शुभांगी कर्कण्णावर (सचिव)



प्रशिक्षण आंकड़े

- स्वदेशी घरेलू उत्पाद बनाने में लगभग 7,50,000 लोगों को प्रशिक्षित किया
- गांधी दर्शन के कार्य में लगभग 50,000 शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया



साहित्य, मीडिया और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से योगदान

- गांधीवादी दर्शन पर 7 पुस्तकें और स्वदेशी घरेलू उत्पाद प्रशिक्षण पर 12 पुस्तकें प्रकाशित कीं
- टीवी प्रस्तुतियाँ:
  - 316 गांधी दर्शन एपिसोड के माध्यम से गांधी का जीवन और सिद्धांत
  - 268 स्वदेशी एपिसोड के माध्यम से गांधीवादी स्वदेशी कार्य
- गांधी दर्शन और स्वदेशी कार्य पर 200 से अधिक यूट्यूब वीडियो की परिकल्पना, निर्माण और अपलोड किए

माल सीधे किसानों से लेने के लिए प्रोत्साहित करता है, जिससे कृषि को स्थानीय घरेलू उद्योगों से जोड़ा गया है और स्थानीय आर्थिक प्रवाह को मजबूत किया गया है. कृषि गतिविधियों में जल्द ही एक सामाजिक आंदोलन विकसित हुआ जिसने आगे चलकर प्राकृतिक चिकित्सा (नेचरोपैथी) और संबंधित उपचारों को रूप दिया.

तीसरी गतिविधि स्कूलों में गांधी दर्शन कार्यक्रम है जिसकी शुरुआत 2000 में हुई थी. यह स्कूली छात्रों के समग्र विकास और व्यक्तित्व का अभिसंस्करण करने के लिए एक अनौपचारिक शिक्षा कार्यक्रम है. जेकब पुलिकन के नेतृत्व में गांधी दर्शन ने गांधीवादी मूल्यों के शिक्षण के दीर्घकालिक आत्मनिर्भर कार्यक्रम को चलाने के लिए स्कूलों और उनके पैरेंट-टीचर असोसिएशन को शामिल करने का काम किया है. दो दशकों से, लगभग 50,000 शिक्षकों ने छात्रों के बीच स्वेच्छा से गांधी रीडिंग सर्कल्स, परीक्षाओं, प्रश्नोत्तरी, प्रतियोगिताओं और मूल्य-आधारित शैक्षिक गतिविधियों का नेतृत्व किया है. इन वर्षों में हज़ारों छात्र इससे लाभान्वित हुए हैं. सरकारी अनुदान या बाहरी स्रोतों से दान स्वीकार किए बिना, शुरुआत से ही स्वदेशी और गांधी दर्शन संस्थानों ने कार्य संचालित किए हैं.

इस प्रकार, उत्पादन का विकेंद्रीकरण करके, जेकब पुलिकन ने ग्रामीण लोगों को आत्मनिर्भरता के लिए कौशल और क्षमता का निर्माण करते हुए गांधी के 'ग्राम स्वराज' के विचार को मूर्त रूप देने की कोशिश की है. जीसीआरडी वर्तमान में लोगों के बीच महात्मा गांधी की स्वदेशी की अवधारणा को पुनर्जीवित करने और सशक्त करने के लिए केरलम में प्रमुख ग्रामीण विकास का प्रतिनिधि होने का दावा करता है.


जेकब पुलिकन जोहानसबर्ग में 'महात्मा गांधी की दक्षिण अफ्रीका से वापसी की 100वीं वर्षगांठ' के अवसर पर भारत के आधिकारिक प्रतिनिधि थे. उन्हें महात्मा गांधी की 150वीं जयंती समारोह मनाने के लिए भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय समिति के लिए भी नामित किया गया था.

जेकब पुलिकन का एकमात्र उद्देश्य महात्मा गांधी के रचनात्मक कार्यक्रम को ठोस रूप देना है. वे आत्मनिर्भरता, विकेंद्रित उत्पादन और ग्राम स्वराज के प्रति वचनबद्धता के साथ योगदान दे रहे हैं और निरंतर कार्यरत हैं. इन पहलों ने समुदाय की संलग्नता, साझेदारी और सहभागिता के आयामों को शामिल किया है.

"समाज को जीवन के हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए उन उत्पादों का निर्माण किया जाना चाहिए जिन्हें व्यक्तिगत, पारिवारिक और ग्रामीण स्तर पर उत्पादित किया जा सके; और जिन्हें उसी स्तर पर ही उपभोग और वितरित भी किया जाना चाहिए."
- डॉ. जेकब पुलिकन

इन सुव्यवस्थित पहलों को विकसित करने में अग्रणी भूमिका

- स्वदेशी घरेलू उत्पाद प्रशिक्षण और स्वदेशी महोत्सव
- स्कूली बच्चों के लिए गांधी दर्शन और गांधी महोत्सव



जेकब पुलिकन गांधी स्मृति और दर्शन समिति, नई दिल्ली में युवा समन्वयक रह चुके हैं. वह निम्नलिखित पदों पर भी कार्यरत हैं:

- संस्थापक निदेशक, केरल राज्य गांधी दर्शन समिति
- निदेशक और बोर्ड सदस्य, केरल राज्य साक्षरता मिशन
- राज्य समन्वयक, गांधी दर्शन गतिविधियाँ



पुरस्कार और सम्मान

स्वावलंबन पुरस्कार
बा-बापू राज्य पुरस्कार
रामचंद्रन-इकेदा अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार
सर्वश्रेष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता पुरस्कार

डॉ. जेकब पुलिकन
संस्थापक और निदेशक,
गांधी सेंटर फॉर रूरल डेवलपमेंट, स्वदेशी एंड गांधी दर्शन
मरप्पालम, पट्टम, त्रिवेंद्रम - 695004, केरलम
+919447154338 gcrdpulickan@gmail.com
+919495954338 gandhidarshanpulickan@gmail.com
www.swadeshikerala.in

